रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 44] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 2—नवम्बर 8, 2013 (कार्तिक 11, 1935)

No. 44] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 2—NOVEMBER 8, 2013 (KARTIKA 11, 1935)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	647
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	959
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1157
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	847
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	3829
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	1125
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	647
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	959
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1157
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	847
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3829
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	1125
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2013

सं. 97-प्रेज़/2013--राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्ति को अत्यधिक वीरतापूर्ण कार्यों के लिए ''अशोक चक्र'' पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं--

1. श्री के.एल.वी.एस.एस.एच.एन.वी. प्रसाद बाबू, रिजर्व निरीक्षक, आंध्र प्रदेश सरकार (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अप्रैल, 2013)

आंध्र प्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा के पास माओवादियों की बड़े पैमाने पर आवाजाही होने के संबंध में विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर ग्रेहाउंड्स की 5 एसाल्ट यूनिटों की तैनाती की गई। एसाल्ट यूनिटों को जमीनी सुरंगों से पटे और सशस्त्र नागरिक सेना से ग्रस्त घने जंगल के बीच रात्रि के समय 40 कि.मी. तक विषम भू-क्षेत्र के जरिए इनका पता लगाना था। 16 अप्रैल, 2013 को प्रातः 3.30 बजे श्री प्रसाद बाबू के नेतृत्व में ग्रेहाउंड्स यूनिट जैसे ही लक्षित क्षेत्र में पहुंची वैसे ही लगभग 70 माओवादियों ने स्वचालित राइफलों से अंधाधुंध गोलीबारी प्रारंभ कर दी और आई ई डी से विस्फोट भी किए। श्री प्रसाद बाबू अपनी यूनिट के सदस्यों के साथ गोलियों की बौछार के बीच माओवादियों की तरफ बढ़े और 9 उच्च कैडर के माओवादियों को ढेर करने तथा अनेक को घायल करने में अपनी ओर से अहम् भूमिका अदा की।

अगले दिन हेलीकॉप्टर द्वारा 5 हवाई उड़ानें भरी गईं और वहां से कमांडों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। तथापि, जब श्री प्रसाद बाबू सहित 19 कमांडों को अंतिम उड़ान के द्वारा ले जाया जाना था, उसी समय 50 हथियार बंद लोगों के साथ लगभग 60-70 माओवादियों ने हेलीकॉप्टर और ग्रेहाउंड्स एसाल्ट यूनिटों पर भी गोलीबारी प्रारंभ कर दी। 19 यूनिट सदस्यों में से 14 सदस्य हेलीकॉप्टर में सवार हो गए जब कि श्री प्रसाद बाबू सहित 5 कमांडों ने मोर्चा संभाला और जवाबी गोलीबारी आरंभ कर दी। नक्सलियों ने हेलीपैड पर कब्ज़ा करने के इरादे से अपनी बंदूकों से गोलियां बरसाते हुए हेलीपैड की ओर आगे बढ़ना शुरू किया। श्री प्रसाद बाबू ने नक्सलियों को वहां से दूर रखा और धैर्य, संकल्प और इस जोखिम में अपने जीवन को डालते हुए कर्तव्य के प्रति अत्यंत समर्पण के साथ गोलीबारी की। जैसे ही हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी, वैसे ही नक्सली बड़ी संख्या में एकत्र हो गए और ग्रेनेडों को फैंकते हुए, स्वचालित राइफलों से गोलीबारी, धनुष और बाणों एवं धारदार हथियारों से हमला करते हुए इनको घेरने का प्रयास करने लगे। श्री प्रसाद बाबू यह समझते हुए कि वे माओवादी, जो लगभग 200 की संख्या में एकत्र हुए थे, कमांडों को निशाना बना रहे हैं, शेष 4 कमांडो से दक्षिणी दिशा में वापस जाने का आग्रह किया और उनके सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तक अकेले ही 200 माओवादियों का सामना किया। यद्यपि, श्री प्रसाद बाबू घायल, निर्जलित हो गए और उनके पास गोलाबारूद की कमी आ गई फिर भी अपनी अंतिम सांस तक अटूट संकल्प और विश्वास के साथ अकेले ही लड़ते रहे और 4 कमांडों की जीवन रक्षा की।

श्री प्रसाद बाबू ने माओवादियों के साथ मोर्चा संभालने के दौरान उत्कृष्ट बहादुरी, असाधारण कर्तव्यपरायणता व अनुकरणीय नेतृत्व भावना का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 98-प्रेज़/2013--राष्ट्रपति निम्नवत् व्यक्तियों को अत्यंत वीरतापूर्ण कार्यों के लिए ''कीर्ति चक्र'' पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं--

1. लेफ्टिनेंट कमांडर अभिलाष टॉमी (04988-के)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 मार्च, 2013)

लेफ्टिनेंट कमांडर अभिलाष टॉमी ने एकल, अविराम और बिना सहायता के पृथ्वी की जलपथ परिक्रमा की। इनके साहसिक कार्य की कठिनाई का अंदाजा उस तथ्य से लगाया जा सकता है कि इनसे पहले केवल 78 व्यक्ति और एक एशियाई इस समुद्री यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर पाए थे। 151 दिनों की यह समुद्री यात्रा जो मुंबई से 01 नवम्बर, 2012 को प्रारम्भ हुई थी, के दौरान अभिलाष नाव में एकमात्र सवार थे, इन्होंने न तो बाहर से कोई मदद ली और न ही प्रणोदन के लिए अपने इंजनों का उपयोग किया, इन्होंने 40,000 कि. मी. की दूरी को पूरा किया। इनकी पूरी लगातार समुद्री यात्रा 10 मीटर की जलीय तरंगों और 4 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच भिन्न-भिन्न तापमानों सहित 100 कि. मी. प्रति घंटे से अधिक की हवाओं का सामना करते हुए पूरी हुई क्योंकि उन्हें विश्व के भिन्न-भिन्न भागों से गुजरना पड़ा। यह अकेला नाविक प्रायः नजदीकी जमीन से 4000 से 5000 कि. मी. दूर और आपातस्थिति में किसी सफल बचाव कार्य से दूर तथा एकमात्र रूप से स्वयं पर निर्भर था। इस समूची समुद्री यात्रा के दौरान अनेक बार उग्र मौसम ने नाव के सबसे बड़े पाल को खोल दिया जिससे नाव के हिलते हुए पलटने तक की नौबत आ गई। कई अवसरों पर मुख्य पाल के फटे हुए टुकड़ों को

हटाने के लिए अभिलाष को मस्तूल पर चढ़ना पड़ा और मस्तूल टूटने से नाव की रक्षा की। इस अधिकारी द्वारा की गई 151 दिनों की रोमांचित करने वाली समुद्री यात्रा भारतीय समुद्रीय इतिहास में बेमिसाल है।

लेफ्टिनेंट कमांडर अभिलाष टॉमी ने पृथ्वी की अकेले समुद्री परिक्रमा करने के दौरान अटूट साहस, संयम और पेशेवर कुशलता का परिचय दिया।

2. आई सी-65454एफ मेजर महेश कुमार, सेना मेडल, पंजाब रेजिमेंट/22वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अप्रैल, 2013)

18 दिसम्बर, 2012 को सादीपुर, गांव सोपोर, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना के आधार पर मेजर महेश कुमार ने योजना बनाई और तत्काल लक्षित मकान की कारगर रूप से घेराबंदी कर दी। 0410 बजे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलाबारी प्रारंभ कर दी और घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया। इस अधिकारी ने स्थिति को नियंत्रण में लिया और प्रभावी गोलाबारी कर उनको भागने नहीं दिया। अधिकारी द्वारा की गई इस बहादुरीपरक कार्रवाई के परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया। मकान को ध्वस्त करने के लिए विस्फोटक अकरण का सहारा लेने के लिए उक्त अधिकारी आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलाबारी के बीच व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए लक्षित मकान की ओर बढ़ा। दो आतंकवादी अंधाधुंध गोलाबारी करते हुए मकान से बाहर भागने लगे। यह अधिकारी भारी गोलाबारी के बीच रेंगते हुए आगे बढ़ा और स्वयं ही दोनों कट्टर आतंकवादियों का काफी नजदीक से सफाया कर दिया।

21 अक्तूबर, 2012 को ऐसी ही साहसिक कार्रवाई में शालपुरा मोहल्ला, सोपोर में घेराबंदी और तलाशी अभियान के भाग के रूप में उपर्युक्त अधिकारी का एक ऐसे आतंकवादी से सामना हुआ जो आई डी द्वारा ध्वस्त किए गए मकान के मलबे से अंधाधुंध गोलाबारी करता हुआ बाहर निकला। इस अधिकारी ने अपनी टुकड़ियों को कवरिंग गोलीबारी करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय निपुण कुशाग्र बुद्धि, अदम्य साहस का परिचय देते हुए इन्होंने अपने घुटनों के बल का सहारा लिया और उस भारी गोलाबारी के बीच मकान में प्रवेश किया एवं काफी निकट से आतंकवादी को मौत के घाट उतार दिया।

17 अप्रैल, 2013 को ऐसी एक और वारदात में बेहरामपुरा गांव, सोपोर में आतंकवादियों के होने की संपुष्ट सूचना के आधार पर मेजर महेश ने अपनी योजना तैयार की और तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कर दी। चुनौती पाकर दोनों आतंकवादियों ने साइकिल पर सवार होकर भागने का प्रयास किया। साहसी और तत्काल कार्रवाई में मेजर महेश ने भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया। एक आतंकवादी ने एक हैंड ग्रेनेड निकाला और इसकी सुरक्षा पिन निकालने की कोशिश की। उपर्युक्त अधिकारी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी पर धावा बोल दिया और उसके साथ नजदीकी हाथापाई में उसे पकड़ लिया।

मेजर महेश कुमार सेना मेडल ने सफल आतंकवादी विरोधी कार्रवाई में अदम्य साहस, उत्कृष्ट वीरता और विशिष्ट नेतृत्व भावना का प्रदर्शन किया।

3. श्री लोहित सोनोवाल, निरीक्षक, असम सरकार (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 अप्रैल, 2013)

19 अप्रैल, 2013 को 0200 बजे विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि संदिग्ध उल्फा संगठन का एक समूह सं. 1, कोरडोईगुड़ी गांव, जिला तिनसुकिया, असम के सामान्य क्षेत्र में शरण ले रहा है। तिनसुकिया पुलिस और 68 बटालियन, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप में कार्रवाई शुरू की गई। जैसे ही कार्रवाई दल लक्ष्य क्षेत्र तक पहुंचा, उन्होंने देखा कि वहां पर अलग-अलग 6-7 घर हैं जिनके चारों ओर चाय के बागान थे। तलाशी अभियान के दौरान श्री लोहित सोनोवाल के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने एक मकान के अंदर कुछ असाधारण हलचल देखी और इन्होंने तुरंत निकट के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी तथा सुबह होने का इंतजार किया। जैसे ही कार्रवाई दल संदिग्ध मकान के पास पहुंचा वैसे ही दो बच्चों के साथ एक महिला मकान से बाहर निकली और पुलिस की मौजूदगी देखते ही उसने मकान के अंदर शरण ले रहे उग्रवादियों को सचेत कर दिया। सशस्त्र उग्रवादी तुरंत मकान से बाहर निकले और पुलिस दल को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलाबारी शुरू कर दी। यद्यपि श्री लोहित सोनोवाल गोलाबारी के एक दम सामने थे किन्तु उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता किए बिना दो बच्चों के साथ उस महिला को अकेले ही बचाने में सफल रहे जो बंदूक की गोलाबारी के बीच में फंसे थे। वे बचकर गोली चलाने के लिए पास में पेड़ों के पीछे चले गए और वहां से जवाबी गोलीबारी की। उग्रवादियों ने श्री लोहित सोनोवाल को निशाना बनाते हुए गोलीबारी जारी रखी और चाय की झाड़ियों और सिविलियनों का सहारा लेकर बच निकलने का प्रयास किया। आमने-सामने की गोलाबारी के दौरान एक कट्टर उल्फा उग्रवादी के शरीर में गोली लगी और वह वहीं पर गिर गया। दूसरा उग्रवादी पुन: मकान में घुस गया और अन्य उग्रवादी घनी चाय की झाड़ियों का सहारा लेकर भाग निकले। जो उल्फा उग्रवादी पुन: घर में घुस गया था उसने अंधाधुंध गोलीबारी की और श्री लोहित सोनोवाल की ओर ग्रेनेड फैंके। आमने-सामने की गोलाबारी के दौरान श्री लोहित सोनोवाल गोली लगने से घायल हो गए परन्तु उन्होंने सीधी गोलाबारी में दो उग्रवादियों को मौत के घाट उतार दिया। तथापि, श्री लोहित सोनोवाल की बाद में गोली लगने से मृत्यु हो गई।

श्री लेहित सोनोवाल ने उग्रवादियों का सामना करते हुए अदम्य साहस, अनुकरणीय नेतृत्व, ड्यूटी के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों से लड़ते हुए अपना जीवन बलिदान किया।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 99-प्रेज़/2013--राष्ट्रपति निम्नवत् व्यक्तियों को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए 'शौर्य चक्र' पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :--

1. आईसी-72213के कैप्टन रामप्रीत सिंह, तीसरी बटालियन, जम्मू और कश्मीर राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 जून, 2012)

कार्बी आंगलांग जिले के एक गांव के पूर्वी भाग में जंगल में कार्बी पीपल लिबरेशन टाइगर आतंकवादियों (के पी एल एफ) के शरण लेने की सूचना

के आधार पर 20 जून, 2012 को एक आपरेशन चलाया गया। कार्रवाई दल 0600 बजे लक्ष्य क्षेत्र पर पहुंचा और लक्ष्य क्षेत्र की पूरी तलाशी ली गई परन्तु कुछ भी हाथ नहीं लगा। जब स्थिति का जायजा ही लिया जा रहा था कि पास ही में धुँआ होने का पता चला। तत्काल एक योजना तैयार की गई जिसमें कैप्टन रामप्रीत सिंह ने लक्ष्य क्षेत्र के समीप जाने के लिए कार्रवाई दल का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। अचानक ही उनके ऊपर स्वचालित हथियारों से गोलाबारी होने लगी। वहां का पहुंच मार्ग अत्यंत संकुचित था और कैप्टन रामप्रीत सिंह का सम्पूर्ण दल भारी गोलीबारी में फंस गया था। इसकी परवाह न करते हुए कैप्टन रामप्रीत सिंह अपने शेष दल को कवर करने के लिए छोड़ते हुए अपने साथी के साथ एक साहसिक और बहादुरी पूर्ण कार्रवाई में अपने दल की सुरक्षा को छोड़ते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। साथी का कवर फायरिंग के अंतर्गत उन्होंने अनुकरणीय युद्ध कौशल और सामरिक युक्तिचालन का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादियों को मात दे दी और अत्यंत वीरतापूर्वक कार्रवाई में दोनों उग्रवादियों, जो अंधाधुंध गोलाबारी कर रहे थे, को मार गिराया।

कैप्टन रामप्रीत सिंह ने आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए अनुकरणीय प्रतिबद्धता, मिशनरी जोश और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

2. एसएस-41220वाई मेजर अमरजीत सिंह, मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री/44 वीं बटालियन, द असम राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 जून, 2012)

मणिपुर जिले के उखरूल गांव के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी होने की पक्की सूचना के आधार पर मेजर अमरजीत सिंह द्वारा 30 जून, 2012 को 0300 बजे घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। लक्षित गांव में पहुंचने पर यह महसूस किया गया कि आतंकवादी गांव से लगभग 4 किलोमीटर उत्तर-पूर्व के घने जंगलों में क्षेत्रीय कुटीर में चले गए थे। व्यावसायिक और युक्तियुक्त बुद्धि का प्रयोग करते हुए अधिकारी ने सैन्य दल को पुन: संगठित किया और घने जंगलों तथा भयंकर झाड़-झंखड़ों जिसमें दुर्गम चढ़ाई और खतरनाक नीची ढाल शामिल हैं, के दुष्कर रास्तों से होते हुए लक्ष्य क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। अपनी सैन्य टुकड़ी के साथ अधिकारी पश्चिम से आगे बढ़े। अत्यंत निकट में लक्षित कुटीर का पता लगने पर, वह चुपके-चुपके और तेजी से लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। फिर भी, एक आतंकवादी जिसने कुटीर के बाहर खड़े होकर सैन्य टुकड़ी की हलचल देख ली थी, ने उन पर गोली चला दी और उत्तर-पश्चिम की ओर समीपस्थ चढ़ाई की ओर भागा। उसी समय, कुटीर के अंदर के आतंकवादियों ने टुकड़ी पर गोली चला दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना मेजर अमरजीत सिंह अपने साथी के साथ आगे बढ़े और आतंकवादियों को भयंकर गोलीबारी में उलझाए रखा। इस करीबी मुठभेड़ में अधिकारी ने अचूक निशानेबाजी और असाधारण साहस से दो आतंकवादियों को मार गिराया, उनमें से एक आंतकवादी ग्रुप का कमांडर-इन-चीफ था।

मेजर अमरजीत सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के बीच अदम्य साहस, धैर्य, अटल दृढ़निश्चय, निर्णायक तथा शांत आत्मसंयम का प्रदर्शन किया।

3. आईसी-69663डब्ल्यू मेजर स्वागत कुमार दास, 9वीं बटालियन, द सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 अगस्त, 2012)

05 अगस्त, 2012 को असम के गोलपारा जिले के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों के एक ग्रुप की मौजूदगी होने के बारे में प्राप्त विशिष्ट सूचना के आधार पर, मेजर स्वागत कुमार दास ने लक्षित गांव के नजदीक जंगल के अगले किनारे के पूर्व टोही बाहरी रास्ते पर घात लगाने की योजना बनाई। रात के लगभग 08:30 बजे अधिकारी ने गांव के चारों ओर जानबूझकर हलचल दर्शाने हेतु दूसरे सैन्य दल को निदेश दिया। इसी बीच, अधिकारी ने तीन संदिग्ध हथियारबंद व्यक्तियों को गांव से जंगल की ओर जाते हुए पासिव नाइट विजन गूगल से देखा। अधिकारी ने संदिग्ध आतंकवादियों को रुकने की चुनौती दी। चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने भाग निकलने के प्रयास में अधिकारी और उनके साथियों पर अंधाधुंध गोली चला दी। अधिकारी ने स्थिति का शीघ्र जायजा लिया और फिर घात लगाई तथा भागते हुए आतंकवादियों पर नियंत्रित प्रतिकारात्मक गोलियां चला दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए अधिकारी भागते हुए आतंकवादियों के पास पहुंच गया और अचूक निशाने से दो खूंखार आतंकवादियों का सफाया कर दिया। मृतक आतंकवादियों की पहचान यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के स्वघोषित लेफ्टिनेंट और स्वघोषित नायक के रूप में की गई थी।

मेजर स्वागत कुमार दास ने दो कट्टर उल्फा उग्रवादियों का सफाया करने में अदम्य साहस तथा प्रेरणात्मक नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

4. श्री प्रकाश रंजन मिश्रा, डिप्टी कमांडेट, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 सितम्बर, 2012)

17 सितम्बर, 2012 को झारखंड के चतरा जिला के गांव रबदा (जूरी) के एक घर में एक नक्सल दस्ता सीपीआई (माओवादी) की उपस्थिति के बारे में खुफिया-सूचना के आधार पर श्री प्रकाश रंजन मिश्रा के कमान में सिविल पुलिसकर्मियों के साथ 203 कोबरा संयुक्त दल का गठन किया गया। संयुक्त दल को ब्रीफ किया गया और एक ऑपरेशन ''पैंथर'' की योजना बनाई गई। दस्ता (नक्सल ग्रुप) से उनके इलाके में सामना करना एक चुनौतीपूर्ण और अत्यंत कठिन कार्य था। यह कठिन कार्य इस तथ्य से और दुरुह हो गया था कि यह निरंतर बारिश वाली अंधेरी रात थी जिसमें प्रकृति की सभी विषमताओं को मात करने के कौशल का परिचय देते हुए टीम अत्यंत अंधेरे में तत्परता से युक्तिपूर्वक आगे बढ़ी और पानी से भरे धान के खेतों और घने जंगली गड्ढ़ों से पैदल 8 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद श्री मिश्रा की कमांड में सैनिक लगभग प्रात: 3:00 बजे रबदा गांव पहुंचे। नक्सलियों की उपस्थिति वाले घर की सही स्थिति का पता नहीं था। यह बहुत ही जोखिम भरा कार्य था, परंतु श्री मिश्रा के उत्साह, युक्ति, निपुणता और बुद्धिमत्ता निर्णायक सिद्ध हुई और वे नक्सल से घिरे हुए घर का पता लगा सके। श्री मिश्रा जान का जोखिम लिए हुए घर की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े उस दौरान उन्होंने नाइट विजन डिवाइस का प्रयोग किया। जब वह घर से 4-5 मीटर की दूरी पर पहुंचे तब वे नक्सलियों और गृह-स्वामी के पारिवारिक सदस्यों की स्थिति देख सकते थे। उन्होंने माओवादी कैडर को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी, जिसका उन्होंने घर से और समीपस्थ मक्का के खेत से गोलीबारी करके तुरंत जवाब दिया। श्री मिश्रा के कमांड में टीम ने भी प्रतिकारात्मक जवाब दिया। दोनों तरफ की गोलीबारी में श्री मिश्रा को दो गोलियां लगीं। गम्भीर रूप से घायल और काफी खून बहने के बावजूद, उन्होंने धैर्य नहीं खोया और वीरतापूर्वक नक्सलियों के साथ गोलीबारी करते रहे। दोनों तरफ की गोलीबारी के दौरान, एक नक्सली मारा गया और अन्य

गोलियों से घायल हो गए। इस मुठभेड़ में, श्री मिश्रा को फिर दो गोलियां लगीं। गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद श्री मिश्रा नक्सलियों पर लगातार गोलीबारी करते रहे। इसके कारण नक्सली अपनी स्थिति से पीछे हटकर भाग गए।

श्री प्रकाश रंजन मिश्रा ने नक्सलियों के साथ लड़ते हुए कार्य के प्रति अनुकरणीय साहस और समर्पण भाव दिखाया तथा निर्दोष सिविलियन और अन्य पुलिस कर्मियों की जान बचाई।

5. 789953 एयरक्राफ्ट्समैन मुरली कन्नन, पर्यावरणीय सहायता सेवा सहायक (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 अक्तूबर, 2012)

06 अक्तूबर, 2012 को, एयरक्राफ्ट्समैन मुरली कन्नन को असम के वायु सेना स्टेशन दिन्जन के अग्नि-शमन अनुभाग के प्रभारी गैर-कमीशन प्राप्त अधिकारी, (एनसीओ आईसी) की ड्यूटी के लिए भेजा गया। समीपस्थ गांव से 'फायर काल' प्राप्त होने पर, एयरक्राफ्ट्समैन कन्नन के तत्काल अग्नि-शमन कर्मियों को तैयार किया और उन्हें नागरिक प्रशासन की सहायता करने के लिए भेजा। यह कार्य अत्यंत कठिन था क्योंकि घनघोर अंधेरा था और एलपीजी सिलेन्डर के फटने और घर में रखे हुए अन्य ज्वलनशील पदार्थों से आग तेजी से फैल रही थी। आग की लपटें छत से ऊपर निकल रही थीं और आग पूरे गांव को चपेट में लेने का खतरा बनती जा रही थी, क्योंकि घर एक-दूसरे से सटे हुए थे। ऐसी स्थिति में, एयरक्राफ्ट्समैन कन्नन ने स्थिति का ठीक से जायजा लिया और आग शुरू होने के स्थान की पहचान की। अपने जीवन की परवाह न करते हुए, वह जलती हुई छत पर चढ़ गए और आग के उद्गम स्थान पर पानी का छिड़काव शुरू कर दिया। अत्यंत जोखिमयुक्त स्थिति में उनके शौर्यपूर्ण प्रयास और पराक्रमी कार्य से आग पर काबू पा लिया गया और उससे अनेक बहुमूल्य जीवन और सम्पत्तियां बचीं। किंतु, लपटों से संघर्ष करते समय, एयरक्राफ्ट्समैन कन्नन वीरगति को प्राप्त हो गए।

युवा, बहादुर और साहसी एयरक्राफ्ट्समैन मुरली कन्नन ने अपनी आयु और सेवा से ऊपर बढ़कर अत्यंत साहस और पराक्रम का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

6. संख्या एक्स जीएस-194534डब्ल्यू जूनियर इंजीनियर (सिविल) मनीष (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 अक्तूबर, 2012)

श्री मनीष, जूनियर इंजीनियर (सिविल) एक युवा सुपरवाइजर को किलोमीटर 31 से किलोमीटर 40 तक औरंग-कलकतंग-शेरगांव-रूपा-तेंगा सड़क पर कार्य कराने के लिए नियुक्त किया गया। 26 अक्तूबर, 2012 को प्रात: 11:00 बजे दो सेना के पायनियर गार्ड और एक ड्राइवर के साथ चट्टानों को तोड़ने के लिए जोखिम भरे कार्य स्थल पर सर्विस ट्रैक्टर से विस्फोटक सामग्री ले जाते समय, दुर्भाग्यवश ट्रैक्टर उलट गया और शिकारीदंगा (असम) के पास किलोमीटर 32.500 पर घाटी में जा गिरा।

श्री मनीष तत्काल तीव्र सूझ-बूझ का प्रदर्शन करते हुए हरकत में आ गया और दोनों साथी गार्डों को ट्रैक्टर से दूर ढकेल दिया। इसके अतिरिक्त, जिस समय ट्रैक्टर घाटी में धीरे-धीरे नीचे खिसक रहा था उन्होंने ट्रैक्टर ड्राइवर को बाहर खींचने की कोशिश की। यद्यपि, वह ट्रैक्टर से ड्राइवर को बाहर खींचने में सफल हुए परन्तु दुर्भाग्यवश ट्रैक्टर का पिछला पहिया उनके ऊपर आ गया और उनको अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। प्राण न्यौछावर होने से पहले श्री मनीष सेना के दोनों पायनियर गार्डों और ट्रैक्टर के ड्राइवर की जिंदगी बचाने में सफल रहे।

श्री मनीष ने इस प्रकार अदम्य साहस, उल्लेखनीय बाहदुरी, सूझ-बूझ, मैत्री भावना का प्रदर्शन किया और अत्यंत विषम परिस्थिति का सामना करते हुए अपने साथियों की जिंदगी बचाते समय अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया।

7. एससी-00574एम मेजर मोहन चन्द्रा, सेना मेडल, चौथी बटालियन द कुमाऊं रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 नवम्बर, 2012)

08 नवम्बर, 2012 को रात 11:00 बजे जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले की नियंत्रण रेखा पर घात लगाते समय, मेजर मोहन चन्द्रा ने छ: आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों को देखा। उन्होंने अपने दल को तुरन्त सचेत किया और दल को पुन: नियोजित किया। वे बाड़े-घेरे के थोड़ा आगे बढ़े। जब आतंकवादी उनसे मात्र 15 मीटर दूर थे, उन्होंने असाधारण निर्भीकता, साहस, फायरिंग कौशल और फुर्ती दिखाते हुए उन्होंने तत्काल क्लेमोर माइन चलाई और अपने व्यक्तिगत हथियार से गोलियां चला दी। इस गोलीबारी में पांच खूंखार विदेशी आतंकवादियों का सफाया किया गया। अधिकारी ने अकेले ही दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस प्रकार, उनके इस साहस प्रदर्शन और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपनी ओर किसी जान हानि के बिना एक बड़ी घुसपैठ को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

मेजर मोहन चन्द्रा, सेना मेडल ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए आतंकवादियों से लड़ते समय उत्कृष्ट साहस और दिलेरी का परिचय दिया।

8. आदेश कुमार एसईए-I सीडी III (220165-ए)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 दिसम्बर, 2012)

समुद्रतल से लगभग 2500 मीटर की ऊंचाई पर अवस्थित चरहार गांव में 4-5 आतंकवादियों की उपस्थिति की आसूचना के आधार पर, आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए 9 अर्द्धसुरक्षा बलों, 27 राष्ट्रीय राइफल और मार्कोज के एक दल ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। संक्रियाओं में नौसैनिक आदेश कुमार के पूर्व कार्यनिष्पादन को देखते हुए, उन्हें मार्कोज दल का सहायक शस्त्रों के प्रभारी की अत्यधिक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।

13 दिसम्बर, 2012 को 48 घंटे के निगरानी मिशन के पूरा होने के बाद, इस दल को टुकड़ी (डिटैचमेंट) में वापस लौटने को कहा गया। लौटने के समय, मार्कोज टीम को समीपस्थ स्थान की खोजबीन करने के लिए कहा गया जहां से अभी एक सेटेलाइट इंटरसेप्ट प्राप्त हुआ था। अकस्मात, मार्कोज दल पर घने पेड़-पौधों के बीच में छिपे आतंकवादियों ने भारी स्वचालित हथियार और ग्रेनेड से गोलीबारी की। टीम को खतरे में देखकर और भयंकर गोलीबारी में भी अटल रहकर नाविक ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपनी एलएमजी नेजेव से गोलियों बरसाते हुए आतंकवादी ग्रुप की ओर तेजी से आगे बढ़े। धावा बोलते हुए, नाविक को पेट और टांगों में आतंकवादियों की गोली लगी। गम्भीर रूप से घायल और अत्यधिक खून बहने के बावजूद

नाविक ने आने वाली गोलियों की ओर अपना धावा जारी रखा। इस प्रक्रिया में न केवल शत्रुओं की गोलियों पर रोक लगाई बल्कि एक खूंखार आतंकवादी को भी मार गिराया।

आदेश कुमार ने आतंकवादियों से लड़ते समय पेशेवर कुशलता, मैत्री और अत्यंत साहस का प्रदर्शन किया।

9. 2489218वाई नायक बलविंदर सिंह, सेना मेडल पंजाब रेजीमेंट/22वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 दिसम्बर, 2012)

18 दिसम्बर, 2012 को जम्मू और कश्मीर के सोपोर जिले के सैदपुर गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना के आधार पर, एक ऑपरेशन शुरू किया गया। नायक बलविंदर सिंह ऑपरेशन के आंतरिक घेरे का एक हिस्सा थे। प्रारम्भ में तीन आतंकवादियों का सफाया करने के बावजूद छिपे हुए आतंकवादी निरंतर तेज गोलीबारी करते रहे और घर के भीतर से कड़ा प्रतिरोध करते रहे। नायक बलविंदर सिंह ने अपनी टीम के आसन्न खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करके काम चलाऊ विस्फोटक सामग्री रखने हेतु लक्षित घर तक रेंगते हुए गए और ताकि आतंकवादियों को बाहर निकाला जा सके। जब घर ढह रहा था, दो आतंकवादी घर से बाहर आ गए और उन लोगों का नायक सिंह से आमना-सामना हुआ। नायक बलविंदर सिंह ने असाधारण साहस और उल्लेखनीय रणनीतिक कुशलता का प्रदर्शन करते हुए गोलीबारी करते हुए आतंकवादियों को उलझाए रखा और बहुत नजदीकी भिड़ंत में दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। दोनो आतंकवादियों की पहचान लश्कर-ए-तैयबा तंजीम के विदेशी आतंकवादियों के रूप में की गई।

नायक बलविंदर सिंह, सेना मेडल ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अदम्य साहस, उल्लेखनीय वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

10. आईसी-69324डब्ल्यू मेजर संजीव कुमार, कवचित कोर/39वीं बटालियन द असम राईफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 जनवरी, 2013)

मणिपुर में विध्वसंक गतिविधियों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में विध्न करने के लिए चार सशस्त्र आतंकवादियों की घुसपैठ के बारे में विश्वसनीय आसूचना प्राप्त होने पर एक अग्र-सक्रिय ऑपरेशन बेहेंग प्रारम्भ किया गया था।

मेजर संजीव कुमार ने 20 जनवरी, 2013 को 7.30 बजे मणिपुर के जिला चूराचंदपुर के सामान्य क्षेत्र में घात लगाई। रात को 2.00 बजे घात टुकड़ी बंगलाई रिज पर टार्च की रोशनी दिखाई देने पर सतर्क हो गई। साहसी रणनीतिक चाल से घुसपैठियों को अपने क्षेत्र के भीतर आने दिया गया और घात-स्थान पर पहुंचने पर मेजर संजीव कुमार ने उन्हें चुनौती दी। इससे अचंभित होकर घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोली चला दी और भागना शुरू कर दिया। अधिकारी ने घुसपैठियों की भयभीत करने वाली गोली के चलते हुए घुसपैठियों का पीछा किया और बहुत नजदीक अचूक निशाने से गोलियां चलाते हुए उनमें से दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन में भारी मात्रा में युद्धक सामग्री का भण्डार जिसमें एके-47 राइफल और मैगजीन सहित 9 एमएम का पिस्टल, चीनी हैण्ड ग्रेनेड और एके-47 तथा 9 एमएम पिस्टल की जिंदा गोलियां भी बरामद की गईं।

मेजर संजीव कुमार ने दुश्मनों की अंधाधुंध गोलियों के बावजूद दृढ़ निश्चय और असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं.100-प्रेज/2013-- राष्ट्रपति निम्नलिखित सेना कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए ''सेना मेडल/बार सेना मेडल'' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :--

1. आई सी-65233पी मेजर आनन्द कुमार, सेना मेडल
   डोगरा रेजिमेन्ट/11वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल

2. जी/104947एफ लांस हवलदार एल कामिनी सिन्हा, सेना मेडल
   10वीं बटालियन द असम राईफल

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं.101-प्रेज/2013-- राष्ट्रपति निम्नलिखित सेना कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए ''सेना मेडल/आर्मी मेडल'' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :--

1. आई सी-52416एम कर्नल संजय वढेरा,
   204 सेना विमानन स्क्वाड्रन (यू एच)
2. आई सी-64148ए मेजर आदित्य कुमार, मैकानाईज्ड इन्फैन्ट्री,
   41वीं बटालियन द असम राईफल
3. आई सी-65006पी मेजर समीर भारती,
   12 असम रेजिमेन्ट
4. आई सी-66843एन मेजर पीयुष कुमार वर्मा,
   क्वचित कोर, 22वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल
5. आई सी-68311-एम मेजर तन्मय रथ, सिग्नल्स
   55वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल
6. आई सी-69128-डब्ल्यू मेजर मराठे शशीकांत बंशीलाल,
   जाट रेजिमेन्ट, 43वीं बटालियन द असम राईफल
7. आई सी-69840-एल मेजर विजित कमार, पंजाब रेजिमेन्ट
   22वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल
8. आई सी-70316-के कैप्टन पवन कुमार जयसवाल,
   13वीं बटालियन द सिख रेजिमेन्ट
9. आई सी-71170एन कैप्टन सिंघम जीवन सिंह, इंजीनियर्स
   33वीं बटालियन द असम राईफल
10. एसएस-43901ए कैप्टन अंशुल बिष्ट,
    18वीं बटालियन द डोगरा रेजिमेन्ट

11. आई सी-76820ए लेफ्टिनेंट गिरीश भारद्वाज,
सेना आयुध कोर, 9वीं बटालियन डोगरा रेजिमेन्ट

12. जे सी-413444डब्ल्यू सूबेदार महेन्द्र सिंह,
9वीं बटालियन द पैराशूट रेजिमेन्ट (विशेष बल)

13. 3395091वाई हवलदार अश्वनी कुमार,
19वीं बटालियन द डोगरा रेजिमेन्ट

14. 3994075एम हवलदार छनकार सिंह,
18वीं बटालियन द डोगरा रेजिमेन्ट

15. 3192759एच नायक सुरेन्द्र कुमार भारी,
15वीं बटालियन द जाट रेजिमेन्ट

16. 13759924एक्स नायक यशवंत सिंह,
7वीं बटालियन द जम्मू एवं कश्मीर राईफल

17. 2801031ए लांस नायक यमगर विजय धोंडिराम
9वीं बटालियन द मराठा लाईट इन्फैन्ट्री

18. 4002649डब्ल्यू सिपाही संजीव कुमार,
19वीं बटालियन द डोगरा रेजिमेन्ट

19. 12974871पी राईफलमैन, फारूक अहमद बजरान,
162वीं इन्फैन्ट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना)जम्मू एवं कश्मीर राईफल/24वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल

20. 13771351एल राईफलमैन
तीसरी बटालियन द जम्मू एवं कश्मीर राईफल

21. 1601854डब्ल्यू राईफलमैन नीरज कुमार सोलंकी,
राजपूताना राईफल, 9वीं बटालियन द राष्ट्रीय राईफल

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं 102प्रेज/2013-- राष्ट्रपति लेफ्टिनेन्ट शैलेश त्यागी (06273-एफ) को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए ''नौसेना मेडल/नेवी मेडल'' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :--

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 103-प्रेज/2013-- राष्ट्रपति निम्नलिखित सेना कार्मिकों को उनके असाधारण साहसपूर्ण कार्यों के लिए ''वायु सेना मेडल/एयरफोर्स मेडल'' प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :--

1. विंग कमांडर उमेश कुमार सिंह भदौरिया (22906) उड़ान (पायलट)

2. विंग कमांडर आलोक कुमार यादव (22976) उड़ान (पायलट)

3 स्क्वाड्रन लीडर गौरव बिक्रम सिंह चौहन (26106) उड़ान (पायलट)

4. स्क्वाड्रन लीडर ओमार ब्रऔन (29006) उड़ान (पायलट)

5. फ्लाईट लेफ्टिनेंट शिवकुमार नीलकंठराव पोहारे (29184) उड़ान (पायलट)

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

वस्त्र मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 अक्तूबर 2013

संकल्प

सं. 1/7/2012-कपास--भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी एतद्द्वारा दिनांक 09 जनवरी, 2013 के समसंख्यक संकल्प के द्वारा गठित कपास सलाहकार बोर्ड परामर्शदात्री समिति में निम्नलिखित सदस्यों को तत्काल प्रभाव से शामिल करने का निर्णय लेते हैं:--

(i) श्री मणिभाई देवजीभाई पटेल,
दाना रेड, कापड़वंज,
जिला खेड़ा,
गुजरात-387620

(ii) श्री देवराव संतोषराव रडके,
पोस्ट आजानी,
तहसील काम्टी,
जिला नागपुर,
महाराष्ट्र

(iii) श्री थुम्माला ब्रहम्मानंद रेड्डी,
पुत्र श्री थुम्माला सिंगा रेड्डी,
सरपंच, रापराला ग्राम,
एन. जी. पाडु मंडल,
जिला प्रकाशम,
आंध्र प्रदेश

(iv) श्री भंवर सिंह राजपुरोहित,
702, अनुराग,
9, बांध गंगा रोड,
त्रलकेश्वर,
मुंबई-400006

(v) श्री कोथा सम्बासिव राव,
द्वार सं. 23ए/8/1
आर आर पैट, एलुरू-534002,
आंध्र प्रदेश

(vi) श्री वेनुला वेंकट सीता रामा राव,
मकान सं. 16/5, विश्वंनंधन वासी स्ट्रीट,
जंगारेड्डीगुडम-534447,
जिला डब्ल्यू जी, आंध्र प्रदेश

(vii) श्री कोटेश्वर राव सामिनेनी,
पुत्र श्री पानइय्याह सामिनेनी,
#2-14-310, लक्ष्मी निलायम,
8वीं लाइन, स्यामलनगर, गुंटूर-522006,
आंध्र प्रदेश

(viii) श्री बोम्मिनेनी रविंदर रेड्डी,
पुत्र श्री राज़ी रेड्डी,
मैं, आदित्य साईं कोटस्पिन प्रा. लि.,
प्रगति इंडस्ट्रीयल एस्टेट,
गोरेकुंटा, वारंगल,
आंध्र प्रदेश

(ix) श्री दासारी शेषगिरीराव,
मैं, विश्वतेजा स्पिनिंग मिल्स लि.,
बोयापालेम,
ईडलापाडु (मंडल)
गुंटूर (जिला)-522233,
आंध्र प्रदेश

(x) श्री नन्नापानेन राघरा राव,
गुणापाराराम (वाया),
चिलाकालूरिपेट, जिला गुंटूर,
आंध्र प्रदेश-400053

(xi) सैय्यद गयासुद्दीन,
ए/22/103, अल मकाह मिलट नगर,
अंधेरी पश्चिम,
मुंबई-400053

(xii) मोहम्मद अयूब मणिहार,
1/बी, सबेरा बेगम इस्टेट,
अजीज कम्पाउंड, खेरानी रोड,
साकी नाका, अंधेरी (ई)
मुंबई

(xiii) श्री नागेश्वर राव मसुनुरी,
अयप्पाराजू गुडेम,
लिंगापालम मंडल्लम,
जिला वेस्ट गोदावरी,
आंध्र प्रदेश

2. दिनांक 09 जनवरी, 2013 का संकल्प सं. 1/7/2012-कपास उपर्युक्तानुसार संशोधित किया जाता है।

3. पुनर्गठित बोर्ड के सदस्य दिनांक 09 जनवरी, 2013 की मूल अधिसूचना संख्या 1/7/2012-कपास में दर्शाई गई बोर्ड की अवधि की समाप्ति तक सेवा में रहेंगे।

4. आदेश किया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी संबंधित को प्रेषित की जाए।

5. यह भी आदेश किया जाता है संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

आर. के. श्रीवास्तव
अवर सचिव

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय

नई दिल्ली-110066, दिनांक 10 अक्तूबर 2013

संकल्प

सं. के-12012/7/4/2013--योजना अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड दिनांक 08 दिसम्बर, 2011 के संकल्प संख्या के-12012/5/4/2011-यो. एवं अनु./एआईएचबी के माध्यम से दो वर्ष की अवधि के लिए पुनर्गठित किया गया था। भारत सरकार ने अखिल भारतीय हस्तशिलप बोर्ड में निम्नलिखितानुसार नये गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल करने का निर्णय लिया है जबकि दिनांक 08 दिसम्बर, 2011 के संकल्प के अनुसार गठित मौजूदा अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड के सभी पदाधिकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य यथावत् रहेंगे।

1. मो. रिजवान अंसारी
गांव-पूरे गुलाब,
पोस्ट-गोपीगंज
संत रवीदास नगर, भदोही-221303
उत्तर प्रदेश

पुनर्गठित अखिल भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड में बोर्ड की मौजूदा क्षमता 91 सदस्य होगी जिसमें अध्यक्ष, सदस्य सचिव को शामिल करते हुए 27 सरकारी सदस्य और 61 गैर-सरकारी सदस्य हैं।

तथापि, दिनांक 08 दिसम्बर, 2011 के संकल्प में अभिलिखित सभी अन्य निबन्धन और शर्तें यथावत् और अपरिवर्तित रहेंगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाए तथा इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस. एस. गुप्ता
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 अक्तूबर 2013

संकल्प

